दिनांक: 25.03.2024 समय : 07.10PM

आकाशवाणी भोपाल

मुख्य समाचार,

- उज्जैन के महाकाल मंदिर में आरती के दौरान लगी आग, पुजारी समेत 14 लोग झुलसे। मुख्यमंत्री ने घायलों से की मुलाकात।
- प्रधानमंत्री ने उज्जैन आग हादसे पर जताया दुख, केंद्रीय गृहमंत्री ने मुख्यमंत्री से हादसे पर की चर्चा।
- प्रदेश में पारंपरिक हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया रंगों का पर्व।

और

- ओले-बारिश के बाद अब गर्मी ने दिखाए तेवर, कई जिलों में पारा 40 डिग्री के करीब पहुंचा।

............

**उज्जैन मंदिर आग**

उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में आज सुबह भस्म आरती के दौरान गर्भगृह में आग लग गई। इसमें पुजारी समेत 14 लोग झुलस गए। घायलों में 9 को इंदौर रेफर किया गया है। 3 को उज्जैन जिला अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। हमारे संवाददाता ने कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के हवाले से बताया है कि आरती के दीए में गुलाल लगने के कारण आगजनी की दुर्घटना हुई। इंदौर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घायलों का हालचाल जाना। डॉ यादव ने प्रत्येक

घायल व्यक्ति को एक लाख रूपये सहायता राशि और निशुल्क उपचार देने की घोषणा की है। जिला कलेक्टर ने आग लगने की दुर्घटना की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिये हैं। उज्जैन जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मृणाल मीना और अपर कलेक्टर उज्जैन अनुकूल जैन द्वारा संपूर्ण घटना की जांच की जाएगी। जांच समिति 3 दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उज्जैन के महाकाल मंदिर में आग लगने की घटना पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने इसमें घायल हुए सभी श्रद्धालुओं के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। श्री मोदी ने कहा, राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद कर रहा है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी उज्जैन के महाकाल मंदिर में आग लगने की घटना पर दुख प्रकट करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से बात की और घटना के बारे में जानकारी ली। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शाह ने बताया कि स्थानीय प्रशासन घटना में घायल लोगों को हर प्रकार की सहायता और उपचार उपलब्ध करा रहा है।

होलिका पर्व

होली का पर्व प्रदेश में भी उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। रंगो के इस पर्व पर कल रात जगह-जगह होलिका दहन किया

गया। इसके बाद सुबह से ही होलियारों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाए दी। आज कई जगह चल समारोह भी निकाले गए। उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर में कल शाम आरती के बाद होलिका दहन किया गया। भोपाल से हमारे संवाददाता ने बताया है कि शहर में पारंपरिक हर्षोउल्लास के साथ रंग खेले गया। आगरमालवा जिले में भी उमंग और उत्साह के साथ होली का पर्व मनाया गया। सतना और मैहर जिले में होलिका दहन के बाद रंगोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदसौर के पशुपतिनाथ मंदिर में लोग जमकर झूमे। खजुराहो में विदेशी सैलानी भी डांस करते नजर आए। महाकाल मंदिर के गर्भगृह में आग लगने की वजह से भोपाल स्थित मुख्यमंत्री आवास में होली मिलन समारोह स्थगित कर दिया गया। छिंदवाड़ा, इंदौर, धार, पन्ना, डिंडोरी, जबलपुर, ग्वालियर, गुना, शिवपुरी, रीवा, नर्मदापुरम, खरगोन, खंडवा, शाजापुर, सीहोर, विदिशा, बैतूल, सहित प्रदेश के सभी अंचलों में होली का उल्लास देखा गया।

पेपरलेस चुनाव

चुनाव आयोग आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों के दौरान पर्यावरण की दृष्टि से अनुकूल चुनाव प्रक्रिया को बढ़ावा दे रहा है। आयोग ने चुनाव मशीनरी और राजनीतिक दलों को मतदाता सूची और चुनावी सामग्री के लिए कागज का उपयोग कम

से कम करने के निर्देश जारी किए हैं। चुनाव निकाय ने ई-बुक्स और ई-डॉक्यूमेंट्स के उपयोग पर जोर दिया है और डबल-साइड प्रिंटिंग और लेआउट अनुकूलन सुनिश्चित करने के लिए कहा है। साथ ही आयोग ने इस बात के भी आदेश दिए गए हैं कि चुनाव के दौरान कचरे के संग्रह की समुचित व्यवस्था की जाए। हर प्रकार के कचरे के निपटन की सुविधा भी सुनिश्चित करना को कहा गया है। सार्वजनिक परिवहन का अधिकतम उपयोग के अलावा चुनाव आयोग ने पर्यावरण-अनुकूल वाहनों को बढ़ावा देना और कारपूलिंग को प्रोत्साहित करने का भी आदेश जारी किया है। इसके अलावा चुनाव के दौरान कर्मियों और मतदाताओं द्वारा तय की जाने वाली दूरी को कम करने पर बल दिया है। राजनीतिक दलों से यह कहा गया है कि चुनाव प्रचार के कार्यक्रमों में नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहित करें।

मतदाता जागरूकता

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत बड़ाने के लिए बड़े पैमाने पर गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। देवास से हमारे संवाददाता ने बताया है कि नेहरू युवा केंद्र द्वारा जिले में विभिन्न स्थानों पर मतदाता जागरूकता संबंधी स्लोगन लिखकर मतदाताओं से मतदान करने की अपील की जा रही है। मतदाताओं से आग्रह किया जा रहा है कि वे लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-

प्रतिशत मतदान करें। उधर शिवपुरी जिले के करैरा जनपद सीईओ ब्रह्मेद्र गुप्ता ने कल दुकानदारों और गुमटी वालों से संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने मतदान का महत्व बताते हुए 7 मई को मतदान करने का आग्रह किया। छिंदवाड़ा में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर के तहत कल स्वयं सेवकों ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। खजरी स्थित ज्ञान ज्योति विद्यालय के स्वयं सेवकों ने घर घर दस्तक देकर आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान करने की अपील की।

मौसम

अब खबर मौसम की, ओले-बारिश का दौर थमते ही प्रदेश में गर्मी तेवर दिखाने लगी है। इस सीजन में दमोह में पहली बार कल दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया, जबकि खरगोन, खजुराहो, खंडवा, रतलाम, मंडला, गुना, सागर और नर्मदापुरम में तापमान 38 डिग्री या इससे अधिक दर्ज किया गया। दिन के साथ रातें भी गर्म होने लगी हैं, भोपाल, इंदौर, सागर, नर्मदापुरम-टीकमगढ़ में पारा 21-22 डिग्री तक पहुंच गया है।छिंदवाड़ा से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले में भी हर दिन गर्मी बढ़ रही है। कल अधिकतम तापमान 36.1 डिग्री तक पहुंच गया। वहीं न्यूनतम पारा 18.5 डिग्री दर्ज किया गया। आज भी ज्यादातर जिलों में सुबह से ही सूरत के तेवर देखने को मिले।

मौसम विभाग ने कल कुछ जिलों में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से बादल छाने का अनुमान जताया है।

**कबड्डी-गिनीज विश्व रिकॉर्ड**

भारत ने कल विश्व कबड्डी दिवस के अवसर पर एक सौ 28 खिलाडियों की भागीदारी के साथ गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनाकर इतिहास रच दिया। हरियाणा के पंचकुला में ताऊ देवी लाल इंडोर स्टेडिम में यह इतिहास बनाया गया। होलिस्टिक इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्ट्स एसोसिएशन और हरियाणा सरकार के बीच हाल ही में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये जिसका उद्देश्य विश्वभर में कबड्डी को प्रोत्साहन देना शामिल है। इस आयोजन के लिए भारत का चयन करने का एक प्रमुख कारण यह था कि इस आयोजन के लिए हरियाणा में विशेष रूप से स्थल उपलब्ध हैं। इस आयोजन में गिनीज रिकॉर्ड बनाने के लिए 84 खिलाडियों की भागीदारी निर्धारित की गई थी लेकिन आयोजकों ने इस रिकॉर्ड को पार करते हुए एक सौ 54 खिलाडी मैदान में उतारे।

**संक्षिप्त समाचार**

- छिंदवाड़ा के शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में स्वीप प्लान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए मेहंदी स्पर्धा आयोजित की गई। इस दौरान छात्राओं ने हाथों में मेहंदी सजाकर मतदान करने का संदेश दिया।

- गुना जिले में स्वीप गतिविधियों के प्रभावी संचालन के लिये ग्रामीण आजीविका मिशन की महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया।
- खंडवा में जेसीआई क्लब द्वारा नशे की होली जलाकर नशा मुक्ति का संदेश दिया।
- डिंडोरी जिले में इस वर्ष 12 गेंहू उपार्जन केन्द्र स्थापित किये गये है। कृषको से गेंहू उपार्जन का कार्य सप्ताह में 5 दिन सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक किया जाएगा।
- उमरिया कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कल गेंहू के उपार्जन हेतु सेवा सहकारी समिति बल्हौड में बनाये गए उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण किया।
- रायसेन किले की पहाड़ी पर बाघ की मूवमेंट होने की वजह से वन विभाग ने लोगों के आने जाने पर रोक लगाई है।
- मंडला जिले के बम्हनी थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्राले की टक्कर से बाइक सवार पति पत्नी और उनकी दो बच्चियों की घटना स्थल पर मौत हो गई।

नमस्कार